## अभियंता प्रमुख का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग
### <u>सकारण आदेश</u>

संवेदक, **Om Shankar Construction Private Limited, (Regd No-1210020/1150223), At – Maula Bag (Nala Road), Po-Ara, Ps-Nawada, Dist-Bhojpur, Pincode-802301** को कार्य प्रमंडल, खगड़िया के अधीन योजनाशीर्ष **PMGSY** अन्तर्गत **Construction of Bridge from T04-Sonmanki to Anandpur Maran (VR1) RCC Bridge at Ch-8625 in 9th Km Sonmanki to Anandpur Maran (VR1) (BR-17R-178)** तक पथ का निर्माण एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य आवंटित था। जिसके एकरारनामा संख्या–28SBD/2018-19 के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि–11.09.2018 एवं कार्य पूर्णता की तिथि–10.09.2019 है। संवेदक द्वारा वास्तविक रूप से निर्माण कार्य दिनांक–01.09.2023 को पूर्ण किया गया है। निर्माण कार्य के पश्चात दिनांक–01.09.2023 से दिनांक–31.08.2028 तक संवेदक को अनुरक्षण कार्य करना है।

उक्त पथ में निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। उक्त पथ में पंचवर्षीय अनुरक्षण का कार्य पूर्ण करने हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खगड़िया द्वारा अनेक बार संवेदक को निदेशित किया गया परन्तु संवेदक द्वारा अनुरक्षण कार्य पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं ली गई।

मुख्य अभियंता–4, पूर्णियाँ, ग्रामीण कार्य विभाग का पत्रांक–985 अनु0 दिनांक–31.07.2024, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, सहरसा के पत्रांक–482 अनु0 दिनांक–09.07.2024 एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खगड़िया के पत्रांक–1115 अनु0 दिनांक–08.07.2024 द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य एकरारनामा के अनुसार एकरारित अवधि तक लंबित/अपूर्ण रखने एवं Program of Works के अनुसार समानुपातिक अनुरक्षण कार्य को अपूर्ण/लंबित रखने के कारण संवेदक को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया। उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–499 दिनांक–01.02.2024 द्वारा 15(पन्द्रह) दिनों के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी।

संवेदक Om Shankar Construction Private Limited द्वारा Ref No-224/24-25 दिनांक–19.11.2024 द्वारा स्पष्टीकरण का जबाव उपलब्ध कराया गया, जिसके आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खगड़िया से पत्रांक–3553 अनु0 दिनांक–26.11.2024, पत्रांक–231 दिनांक–16.01.2025 एवं पत्रांक–717 दिनांक–17.02.2025 के माध्यम से मंतव्य की मांग की गई थी। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खगड़िया का पत्रांक–234 अनु0 दिनांक–18.02.2025 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया जिसमें प्रतिवेदित किया गया है कि संवेदक द्वारा प्राप्त उत्तर में संवेदक के द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य लंबित रखने के कारण कालीसूची में सम्मिलित करने के लिए इस कार्यालय का पत्रांक–1115 अनु0 दिनांक–08.07.2024 के द्वारा अनुशंसा की थी। संवेदक के Ref No-224/24-25 दिनांक–19.11.2024 द्वारा स्पष्टीकरण के आलोक में महाशय का सूचना दी गई की उनके द्वारा 15 दिन के अन्दर कार्य पूण कर दिया जाएगा, परन्तु वर्त्तमान में भी संवेदक द्वारा शत प्रतिशत पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण नहीं किया। वर्त्तमान में Approach Road में Raincut, Edge Cracking, Maintenance Board तथा Bridge में Wearing Coat, expansion Joint खराब स्थिति में है जिसमें अनुरक्षण की अति आवश्यकता है, लेकिन संवेदक के द्वारा अबतक पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण नही किया गया है।

इससे स्पष्ट होता है कि अनुरक्षण कार्य अपूर्ण रहने के कारण आम जनता को योजना का वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा है तथा अकारण अनुरक्षण कार्य लंबित रखने के लिए संवेदक पूर्णतया दोषी है।

अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना
डायरी सं० 866
12.03.2025

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरांत बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 की कंडिका 11 (क) (vi) के आलोक में संवेदक Om Shankar Construction Private Limited, At–Maula Bag (Nala Road), Po-Ara, Ps-Nawada, Dist-Bhojpur, Pincode-802301 के **निबंधन संख्या–1210020/1150223** को अगले 04(चार) वर्षो के लिए Blacklist किया जाता है।

(निर्मल कुमार)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)सम्प्रति (नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–**51** / 2024-1034 /पटना, दिनांकः–07/03/25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना / उर्जा विभाग, बिहार, पटना / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)सम्प्रति (नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–**51** / 2024-1034 / पटना, दिनांकः–07/03/25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)सम्प्रति (नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–**51** / 2024-1034 /पटना, दिनांकः–07/03/25

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)सम्प्रति (नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–**51** / 2024-1034 / पटना, दिनांकः–07/03/25

प्रतिलिपिः– संवेदक Om Shankar Construction Private Limited, (Regd No-1210020/1150223), At – Maula Bag (Nala Road), Po-Ara, Ps-Nawada, Dist-Bhojpur, Pincode-802301 को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख